# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय
# रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.)

फोन न. 0771-2222990, वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in

क्रमांक/ 221 /जीडीसी/पु.नि.प.प./2025-26 रायपुर/दिनांक 15/01/2026

## // निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के लिये वर्ष 2025-2026 में ग्रंथालय के उपयोग हेतु वर्ष-2026 के ई-जर्नल्स क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की **वेबसाईट** **www.govtdentalcollegeraipur.in** से डाउनलोड किये जायेगें। इसके लिये राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 02/02/2026 तक निविदा प्राप्त किया जा सकते हैं। जो वापसी योग्य नहीं है।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि- | 02/ 02/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- | 03/02 /2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि- | 04/ 02 /2026 समय दोपहर 12.30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान- | शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर |
| निविदा खोलने का स्थान- | **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.)** |

Digitally signed by
Dr Virendra Vadher
Date: 15-01-2026
13:05:12

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ0ग0)



File No. GENS-11/628/2026-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 224013)
Generated from eOffice by Tej Kumar Nishad, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE)-5, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 15/0

# शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

**वर्ष-2026 के ई-जर्नल्स प्रदाय हेतु निविदा की शर्तें:-**

1 . यह निविदा प्रतिष्ठित फर्मो से शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ. ग.) में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न विषयों के वर्ष- 2026 के ई-जर्नल्स प्रदाय हेतु आमंत्रित की गई है।

2. निविदा महाविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड किये जायेंगे। इसके लिये राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो **प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा राशि रू. 500=00 बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) तैयार कर महाविद्यालय से दिनांक 02/ 02 /2026 तक निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है।

3. निविदाकर्ता द्वारा ई-जर्नल्स के प्रदाय के लिये छूट (डिस्कांउट) दर वास्तविक मूल्य पर अंकित की जायेगी

4. प्रत्येक निविदा के साथ "प्राचार्य, शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" के नाम पर देय **धरोहर राशि 20,000=00 (EMD)** (बीस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक का) संलग्न करना अनिवार्य है। यह धरोहर राशि वापसी योग्य है।

5. केवल वे ही फर्म निविदा में भाग ले सकेंगें, जिनका पिछले तीन वित्तीय वर्षो में वार्षिक टर्न ओवर कम से कम राशि रूपये 35,00,000=00 (रू. पैंतीस लाख मात्र) का हो।

6. स्वच्छ एवं साफ अक्षरों में बिना कांट-छांट के पूरी तरह भरें हुये निविदा प्रपत्र सील बंद लिफाफे में अंतिम तिथि दिनांक 03/02/2026 समय शाम 05.30 बजे तक निम्नांकित पते पर अनिवार्यतः प्राप्त हो जाना चाहिये। शासकीय डाक अथवा कोरियर द्वारा विलंब से प्राप्त हुई निविदायें मान्य नही होंगी। इसकी पूर्णतः जवाबदारी निविदा प्रस्तुतकर्ता फर्म की होगी ।

7. निविदा "तीन सील्ड पद्धति" के अनुसार महाविद्यालय कार्यालय में जमा किये जायेगे। इसमें सील बंद लिफाफा क्र. 1, 2 एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य का (रू. 500=00 ) बैंक ड्राफ्ट को एक बड़ा लिफाफा क्र. 3 में रखकर सील्ड किये जायेंगे।

8. निविदा फार्म के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट राशि रू. 500=00 को, लिफाफा क्र.-1 के ऊपर रखा जायेगा जो दिनॉक 03/ 02 /2026 तक का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार्य होगा।

**अ) सील बंद लिफाफा क्रमांक-01 (सुरक्षा निधि एवं प्री क्वालीफिकेशन बिड)**

इसमें निम्नलिखित प्रतियां रखना अनिवार्य है:-



File No. GENS-11/628/2026-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 224013)
Generated from eOffice by Tej Kumar Nishad, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE)-5, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 15/0

**i**. इसमे धरोहर राशि रू. 20,000=00 मूल्य का बैंक ड्राफ्ट एवं महाविद्यालय की वेबसाईट में डाउनलोड किये गये प्रपत्र रखा जायेगा।

**ii**. केवल वे ही फर्म निविदा में भाग ले सकेंगें जिनका पिछले तीन वित्तीय वर्षों में वार्षिक टर्न ओवर कम से कम राशि रू. 35,00,000=00 (रू. पैंतीस लाख मात्र) का हो।

**iii**. इसके लिये पिछले तीन वर्षो का चाटर्ड एकाउंटेट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट, जमा करना होगा।

**iv**. आयकर के टैक्स गणना प्रपत्र (पिछले एक वर्ष का रिटर्न ) की प्रतियां

**v** . आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेंट एकांउन्ट नं. PAN

**vi**. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र इत्यादि की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**vii** . लिफाफा क्रमांक-1 में "धरोहर राशि व निविदाकर्ता का घोषणा पत्र, निविदा शर्ते प्रपत्र व टेक्निकल बिड प्रपत्र" के साथ वांछित विभिन्न प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति रखा जायेगा।

**viii**. निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार्य (Acceptance of all terms & conditions) संबंधी तथा फर्म के ब्लैक लिस्टेड नहीं होने इत्यादि संबंधी निर्धारित **प्रारूप-2** के अनुसार रूपये 50/- मूल्य का स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**ix**. फर्मों को गुड आफिस कमेंटी के सदस्य होने का प्रमाण पत्र निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है। "प्री-क्वालिफिकेशन बिड' लिफाफा-क्र. 1 में उल्लेखित करना अनिवार्य है।

**x. निविदा प्रपत्र (प्रारूप-एक) के साथ ई-जर्नल्स की सूची लिफाफा क्र.-1 में रखा जायेगा। उक्त सूची में विभागवार/वर्षवार/ कितने जर्नल्स एवं बेक-वॉल्यूम जर्नल्स की अवधि व आर्टिकल का पूरा कंटेन्ट (FULL TEXT) की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सूची में उल्लेख करें।**

**ब) सील्ड लिफाफा क्रमांक- 2 (प्राईज बीड)**

सील बंद लिफाफा, क्रमांक-2 जिसमें वर्ष-2026 के ई-जर्नल्स के दर प्रस्तुत किया जावेगा।

'प्राईज बिड' लिफाफा-क्र. 2 में उल्लेखित करना अनिवार्य है।

9. क्रमशः सील्ड लिफाफा क्र. 3, 1 व 2 खोले जायेंगे। कामर्शियल बिड (प्राईज बीड) लिफाफा-क्र. 2 उन निविदाकर्ताओं का खोला जायेगा जो कि प्री-क्वालिफिकेशन बिड लिफाफा-क्र. 1 के खोले जाने पर निविदा के शर्तो के अनुरूप तकनीकी रूप से सही पाये जायेंगे।

10. **सफल निविदाकर्ता फर्म को महाविद्यालय के साथ एक अनुबंध करना होगा। साथ ही इस क्रय प्रक्रिया में छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम (यथा संशोधित 2022 अद्यतन) तथा GOC NORMS का पालन करना होगा।**

11. सफल निविदाकर्ता द्वारा ई-जर्नल्स का दर अनुबंध की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित समस्त कर GST एवं TDS इत्यादि का पालन नियमानुसार संबंधित फर्म को करना होगा।

12. निविदाकर्ता फर्म द्वारा निविदा में जोड़ी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में नहीं है ,मान्य नहीं होगी ।

13. निविदा निर्धारित तिथि **दिनांक 04/02/2026 को समय अपरान्ह 12.30 बजे** महाविद्यालय के क्रय समिति सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा।

14. प्राप्त हुई निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये हुये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार "प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" का होगा।

15. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में "प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)" का निर्णय अंतिम होगा ।

16. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण रायपुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा ।

Digitally signed by
Dr Virendra Vadher
Date: 15-01-2026
13:08:21

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

**प्रारूप-एक**

# निविदा प्रपत्र- वर्ष 2025-26

(शा. दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर छ.ग. हेतु वांछित
ई-जर्नल्स की निविदा में भाग लिये जाने हेतु)

1. निविदाकर्ता फर्म का नाम- ..........................................
2. फर्म के प्रोपराईटर/अधिकृत व्यक्ति का पूरा नाम- ..........................................
3. फर्म का पूर्ण पता- ..........................................
4. फर्म का जी0एस0टी0 नम्बर- ..........................................
5. फर्म का गुड आफिस एसोसिएशन नं0- ..........................................
6. क्या भारत सरकार/किसी संघ शासित राज्य/प्रदेश के किसी भी फर्म/संस्था द्वारा फर्म को ब्लैक लिस्टेड किया गया है - यदि हॉ तो विवरण दे- ..........................................
7. संलग्न दस्तावेजों का विवरणः-

अ) लिफाफा क्रमांक-1 (प्री क्वालिफिकेशन प्रपत्र) के भीतरः-

1. निविदा प्रपत्र निर्धारित प्रारूप-एक ......................
2. धरोहर राशि रू. 20000/-मूल्य का बैंक ड्राफ्ट ......................
3. शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप-दो में ......................
4. पिछले तीन वर्षो का चाटर्ड एकाउंटेट द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट, ......................
5. आयकर के टैक्स गणना प्रपत्र (पिछले एक वर्ष का रिटर्न ) की स्वःहस्ताक्षरित प्रतियां ......................
6. आयकर विभाग द्वारा जारी परमानेंट एकांउन्ट नं. (PAN) ......................
7. जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियां ......................
8. फर्म के गुड आफिस कमिटी में होने का प्रमाण पत्र ......................

ब) लिफाफा क्रमांक-2 (प्राईज बीड) के भीतरः-

1. प्राईज बीड निर्धारित प्रारूप-तीन ......................

स) लिफाफा क्र.-3 (बाहरी लिफाफा) के भीतरः-

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/- मूल्य का बैंक ड्राफ्ट अथवा महाविद्यालय से प्राप्त रसीद की प्रति ......................
2. लिफाफा क्रमांक-1 ......................
3. लिफाफा क्रमांक-2 ......................

## <u>सत्यापन</u>

मैं.......................................................पिता.......................................................फर्म..............................पता.. ................................. ..........................................................................................................उपरोक्त कंडिका क्रमांक 1 से 7 तक भरी हुई जानकारी तथा इस प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं सही है।

स्थान-
हस्ता.दिनॉक-

सत्यापनकर्ता / निविदाकार के



File No. GENS-11/628/2026-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 224013)
Generated from eOffice by Tej Kumar Nishad, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE)-5, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 15/0

प्रारूप-दो

# शपथ पत्र का प्रारूप

(रूपये 50/- नान ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर)

मै.............................................................................जो कि फर्म...........................................................................

पता........................................................................... के प्रोपराईटर (कंपनी/फर्म के हैसियत) हूँ, और फर्म की ओर से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिये सक्षम हूं, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा शपथ पूर्वक यह प्रमाणित करता है कि कार्यालय प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक..........................दिनांक..............................................द्वारा वांछित ई-जर्नल्स के निविदा के संबंध में प्रस्तुत किया जा रहा है मेरे द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ जो जानकारी एवं प्रमाण पत्र/ अभिलेख/ दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है वह सत्य एवं सही है। एतद् संबंधी जानकारियों अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की सत्यता के लिए मै पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूंगाः-

1. यह कि निविदा प्रपत्र में दी गई जानकारी तथा संलग्न किये गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है।

2. यह कि मेरे

(अ) प्रोसेसिंग फीस एवं ई.एम.डी. के रूप में जमा की गई एफ.डी.आर./डिमांड ड्राफ्ट अन्य संबंधित दस्तावेज जो बैंक के द्वारा प्रदाय किये गये है वे बैंक से प्रमाणित है।

(ब) वित्तीय अर्हतायें एवं वार्षिक टर्नओव्हर की जानकारी सही है।

(स) विभिन्न भौतिक अर्हताओं की जानकारी सही है।

3. मैं भारत सरकार/ अन्य राज्यों के राज्य सरकार/ राज्य सरकार के किसी भी विभाग में काली सूची में सम्मिलित नहीं हूं /है या डिबार नहीं किया गया हूं/है।

4. यह कि आपके विभाग/संस्था में मेरे/हमारी फर्म/कंपनी के सदस्यों का कोई निकट रिश्तेदार कार्यरत नहीं है।

5. यह कि मेरे/हमारे/ फर्म के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण कहीं भी प्रजीबद्ध नहीं है।

6. यह कि निविदा प्रपत्र में अंकित ई-जर्नल्स की दरें भारतीय रूपयों में है।

7. यह कि कोट किये जाने वाले जर्नल्स / पुस्तकें का भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है जो सही/सत्य है।

8. निविदा की समस्त नियम/शर्तें स्वीकार्य है

प्रो./फर्म

नोटरी द्वारा सत्यापित

हस्ताक्षर मय सील



File No. GENS-11/628/2026-GOVERNMENT DENTAL COLLEGE SECTION (Computer No. 224013)
Generated from eOffice by Tej Kumar Nishad, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE)-S, STORE CLERK (GOVERNMENT DENTAL COLLEGE), MEDICAL EDUCATION DEPARTMENT on 15/0